भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

04.08.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 1905 का उत्तर

वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की शुरुआत

1905. श्री मल्लिकार्जुन खरगेः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को शुरू करने के लिए आयोजित कार्यक्रमों और किराए पर ली गई एजेंसियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वंदे भारत रेलगाड़ियों की शुरूआत के लिए आबंटित और उपयोग की गई कुल निधि का घटना-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) वंदे भारत रेलगाड़ियों में डिब्बों की कुल संख्या का गाड़ी-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) विगत एक वर्ष के दौरान वंदे भारत रेलगाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या का माह-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) उपर्युक्त अवधि के दौरान वंदे भारत रेलगाड़ी के उपयोग का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ङ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों की शुरुआत के संबंध में दिनांक 04.08.2023 को राज्य सभा में श्री मल्लिकार्जुन खरगे के अतारांकित प्रश्न सं. 1905 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित **विवरण।**

(क) और (ख): नई परिसंपत्तियों की आधारशिला रखना , लाइनों और सुविधाओं/उपयोगिताओं की कमीशनिंग, परियोजना का राष्ट्र को समर्पण , नई गाड़ियों को शुरू करना आदि जैसे विभिन्न प्रयोजनों के लिए उद्घाटन समारोह आयोजित किए जाते हैं। रेलगाड़ियों के नए ठहरावों के लिए भी राज्य और केन्द्र सरकार के उपयुक्त जन प्रतिनिधियों या गणमान्य व्यक्तियों द्वारा कुछ समारोह आयोजित किए जाते हैं। अधिकांश समारोह कार्यक्रमों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम एक साथ आयोजित किए जाते हैं। इन समारोहों के लिए व्यापक प्रचार किए जाते हैं ताकि यात्री सेवाओं के बारे में जान सकें और उनका पूरा उपयोग कर सकें। एजेंसियों को क्षेत्रीय रेलों के स्तर पर भारतीय रेल के साथ पैनलबद्ध किया जाता है।

(ग): वंदे भारत गाड़ियों में सवारी डिब्बों की गाड़ी-वार कुल संख्या निम्नानुसार हैः

क्र.सं.	गाड़ी सं.	सवारी डिब्बा
1	22435 वाराणसी - नई दिल्ली	16
2	22436 नई दिल्ली - वाराणसी	16
3	22439 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटरा	16
4	22440 श्री माता वैष्णो देवी कटरा - नई दिल्ली	16
5	20901 मुंबई सेंट्रल - गांधीनगर कैपिटल	16
6	20902 गांधीनगर कैपिटल - मुंबई सेंट्रल	16
7	22447 नई दिल्ली - अम्ब अंदौरा	16
8	22448 अम्ब अंदौरा - नई दिल्ली	16
9	20607 एमजीआर चेन्नई - मैसूर	16
10	20608 मैसूर - एमजीआर चेन्नई	16
11	20825 बिलासपुर- नागपुर	8
12	20826 नागपुर - बिलासपुर	8
13	22301 हावड़ा - न्यू जलपाईगुड़ी	16
14	22302 न्यू जलपाईगुड़ी - हावड़ा	16
15	20833 विशाखापत्तनम - सिकंदराबाद	16
16	20834 सिकंदराबाद - विशाखापत्तनम	16
17	22223 मुंबई सीएसटी - साईनगर शिरडी वंदे	16
18	22224 साईनगर शिरडी वंदे - मुंबई सीएसटी	16
19	22225 मुंबई सीएसटी - सोलापुर	16
20	22226 सोलापुर - मुंबई सीएसटी	16

21	20171 रानी कमलापति - निजामुद्दीन	16
22	20172 निजामुद्दीन - रानी कमलापति	16
23	20643 चेन्नई - कोयम्बटूर	8
24	20644 कोयम्बटूर - चेन्नई	8
25	20701 सिकंदराबाद - तिरुपति	16
26	20702 तिरुपति - सिकंदराबाद	16
27	20977 अजमेर - दिल्ली कैंट	16
28	20978 दिल्ली कैंट - अजमेर	16
29	20633 कासरगोड - तिरुवनंतपुरम	16
30	20634 तिरुवनंतपुरम - कासरगोड	16
31	22895 हावड़ा - पुरी	16
32	22896 पुरी - हावड़ा	16
33	22457 आनंद विहार - देहरादून	8
34	22458 देहरादून - आनंद विहार	8
35	22227 न्यू जलपाईगुड़ी - गुवाहाटी	8
36	22228 गुवाहाटी - न्यू जलपाईगुड़ी	8
37	22229 मुंबई सीएसटी- मडगांव	8
38	22230 मडगांव - मुंबई सीएसटी	8
39	20911 इंदौर - भोपाल	8
40	20912 भोपाल - इंदौर	8
41	20173 रानी कमलापति - जबलपुर	8
42	20174 जबलपुर- रानी कमलापति	8
43	22349 पटना - रांची	8
44	22350 रांची - पटना	8
45	20661 बेंगलूरु - धारवाड़	8
46	20662 धारवाड़ - बेंगलूरु	8
47	22549 गोरखपुर - लखनऊ	8
48	22550 लखनऊ - गोरखपुर	8
49	12461 जोधपुर - साबरमती	8
50	12462 साबरमती - जोधपुर	8

(घ) और (ङ): वित्त वर्ष 2022-23 और चालू वित्त वर्ष 2023-24 (जून 2023 तक) के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी का समग्र उपयोग क्रमशः 96.62% और 99.60% रहा है। इस अवधि के दौरान इन गाड़ियों से यात्रा करने वाले यात्रियों की तदनुरूपी संख्या क्रमशः 318541 और 2839610 थी।

******